राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–225/2023

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पटना, 15 अगस्त 2023 :– भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज राजभवन के दरबार हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि आज का उत्सव भारतमाता और हमारे राष्ट्रध्वज तिरंगा का उत्सव है। भारतमाता का चिंतन हमें विपरीत परिस्थितियों से मुकाबला करने तथा निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री समर्थ नाहर, श्री प्रणव पराग, श्री प्रवीण रतन सहाय, श्रीमती श्वेता, श्री शैलेन्द्र सिंह राकेश, सुश्री रीना मेहता आदि कलाकारों ने प्रस्तुति दी। राज्यपाल ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती अनघा आर्लेकर, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी तथा राज्यपाल सचिवालय, पटना के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

…………………………………………